समाचार

# वार्ड क्र. 39 की तीन बस्तियों में साढ़े 38 लाख रू. से होगा विद्युतीकरण कार्य

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया कार्य हेतु भूमिपूजन)




कोरबा 18 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 39 की तीन बस्तियों आजादनगर, कैलाशनगर व इंदिरानगर में साढ़े 38 लाख रूपये की लागत से बाह्य विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन कार्यो हेतु भूमिपूजन किया तथा कार्यो का शुभारंभ कराया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 39 आजादनगर में 16 लाख 91 हजार रूपये की लागत से बाह्य विद्युतीकरण का कार्य किया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 39 के ही कैलाशनगर में 12 लाख 73 हजार रूपये की लागत से बाह्य विद्युतीकरण कार्य तथा वार्ड क्र. 39 इंदिरानगर बालको में 08 लाख 66 हजार रूपये की लागत से बाह्य विद्युतीकरण का कार्य कराया जाना हैं। आज वार्ड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन तीनों विद्युतीकरण कार्यो का भूमिपूजन किया, उन्होने पूजा अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा महापौर का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है, किन्तु इससे विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, मैं सदैव क्षेत्र की जनता के सुख–दुख में उनके साथ खड़ी रहूँगी तथा उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए निरंतर सक्रिय रहूँगी। उन्होने कहा कि विगत पांच वर्ष के इस कार्यकाल के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए गए हैं, आमजन की मांग एवं उनकी आवश्यकता का पूरा सम्मान किया गया है तथा वर्षो से व्याप्त समस्याओं को दूर किया गया है, उन्होने कहा कि आगे भी विकास का यह क्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर ने कहा कि वार्ड क्र. 39 की इन तीनों बस्तियों में विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ कराकर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने यहां की एक पुरानी मांग को पूरा कर दिया है, जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ। वहीं मेयर इन काउंसिल सदस्य देवीदयाल सोनी ने कहा कि हमारे बालको क्षेत्र में निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए गए हैं, बड़ी से बड़ी समस्याएं दूर की गई हैं, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

<u>मूलभूत सुविधाओं पर किए गए व्यापक कार्य</u>– इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी अपने उद्बोधन में कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा विगत पांच वर्षो के दौरान बुनियादी समस्याओं के समाधान तथा

नागरिकों को अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक कार्य किए गए हैं, जिसमें राजस्व मंत्री तथा कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल का पूरा मार्गदर्शन मिलता रहा है, विषम परिस्थितियों में भी कोरबा क्षेत्र का तेजी के साथ विकास किया गया है, उन्होने कहा कि पानी की समस्या का सम्पूर्ण निदान हुआ, सभी बिजलीविहीन बस्तियों तक बिजली की सुविधा पहुंची।

**वार्ड के हर घर में अब होगी रोशनी**– इस अवसर पर वार्ड पार्षद लोकेश्वर चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा वार्ड की इन तीनों बस्तियों में आज बाह्य विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ महापौर द्वारा कराया गया है, अब मेरे वार्ड का किसी भी घर अंधेरा नहीं रहेगा, अब हर घर में रोशनी होगी, उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के आशीर्वाद से मेरे वार्ड क्र. 39 में ढेर सारे विकास कार्य कराए गए हैं, जिसके लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करता हॅू तथा विश्वास रखता हॅू कि उनका यह आशीर्वाद आगे भी बना रहेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन कांउसिल सदस्य दिनेश सोनी, देवीदयाल सोनी, पार्षद लोकेश्वर चौहान, कृपाराम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, विकास डालमिया, दुकालू श्रीवास, पूर्व पार्षद सुधीर शर्मा, एफ.डी.मानिकपुरी, गुड्डू थवाईत, मालती श्रीवास, सुषमा मसीह, गायत्री चन्द्रा, रेशम सारथी, हरिराम बंधेकर, केशर पूरी, बुधेश्वर चौहान, पंचराम आदित्य, रामायण दास, लल्लन ठाकुर, संजय विश्वाल आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।